**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–31.01.2025 (संध्या–1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

1. **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद के पटल पर रखा आर्थिक सर्वेक्षण, वित्त वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट कल किया जाएगा पेश।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुइयेन–बैरे सिंड्रोम की रोकथाम को लेकर की समीक्षा बैठक, रिम्स के साथ सभी जिलों के सिविल सर्जनों को हाइ अलर्ट मोड में रहने का दिया निर्देश।**
3. **राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने धनबाद में राजस्व संग्रहण की समीक्षा की, जीएसटी डिफॉल्टर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी।**
4. **राज्य की पुलिस ने हत्याकांड, चोरी और अवैध अफीम की खेती के अलग अलग मामलों में की कार्रवाई, तेरह आरोपी गिरफ्तार।**
5. **हॉकी इंडिया लीग के सेमीफाइनल में राउरकेला में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से जारी और सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला हैदराबाद तूफांस से होगा।**

***********************

संसद के बजट सत्र के पहले दिन आज दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देशभर में तीन करोड़ और परिवारों को मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान पांच करोड़ जनजाति लोगों के लिए शुरू किया गया है।

***********************

18वीं लोकसभा का बजट सत्र आज से शुरु हो गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करते हुए वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी में 6.4 प्रतिशत वृद्धि, जबकि 2026 में 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान जताया है। वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। कृषि और सेवा क्षेत्र के समर्थन से अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है।

***********************

संसद में कल पेश होने वाले बजट से झारखंड के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। गुमला जिले के वकील ओम प्रकाश बाबूलाल को उम्मीद है कि बजट में नागरिकों के हितों का ख्याल रखा जाएगा।

इधर चतरा जिले के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने कहा कि सरकार को इनकम टैक्स स्लैब में छूट देनी चाहिए ।

***********************

मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉक्टर वी. अनंत नागेश्वरन ने आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करने के बाद कहा कि कृषि में वृद्धि की बड़ी संभावनाएं हैं और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने वैश्वीकरण में कमी, व्यापार प्रतिबंधों के बढ़ते प्रभाव और ऊर्जा परिवर्तन में सार्वजनिक परिवहन की भूमिका पर भी जोर दिया। श्री नागेश्वरन ने कहा कि भारत के कृषि क्षेत्र में काफी लचीला पन आया है और वित्त वर्ष 2017 से 2023 के दौरान औसत पांच प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई है।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजधानी रांची में गुइलेन–बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) की रोकथाम और इलाज की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जीबीएस प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले व्यक्तियों की जांच की व्यवस्था करने और निशुल्क जांच केंद्र स्थापित करने को कहा, साथ ही अस्पतालों में बेड, दवा और मेडिकल ऑक्सीजन की पुख्ता व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। सभी जिलों के सिविल सर्जनों और रिम्स को हाई अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया।

******************

राज्य सरकार द्वारा बसन्त पंचमी के घोषित अवकाश में परिवर्तन किया गया है। बसंत पंचमी की छुट्टी अब रविवार के जगह पर सोमवार 3 फरवरी को होगी। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने धनबाद जिले के विभिन्न विभागों की राजस्व संग्रहण स्थिति की समीक्षा की। श्री किशोर ने बताया कि बीसीसीएल, एसएआईएल, और डीवीसी से अब तक लक्ष्य के मुकाबले अच्छा राजस्व प्राप्त हुआ। मौके पर उन्होंने जीएसटी डिफॉल्टर के खिलाफ बैंक अकाउंट अटैच करने का निर्देश दिया।

******************

राज्य की पुलिस ने हत्याकांड, चोरी और अवैध अफीम की खेती के अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया है । सरायकेला–खरसावां पुलिस ने कुचाई थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही 3 एकड़ से अधिक जमीन पर फैली अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई।

सराइकेला खरसावाँ के चांडिल थाना क्षेत्र के कपाली में एक युवक की हत्या मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

इधर, पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर चोरी की पांच बाइक बरामद की और चार लोगों को गिरफ्तार किया।

******************

रांची में केंद्र सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, जरेडा और टेरी द्वारा संयुक्त रूप से ऊर्जा बचत पर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में लघु एवं मध्यम उद्योगों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने पर चर्चा हुई। ज्रेडा निदेशक केके वर्मा ने ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श की जानकारी दी।

******************

रांची स्थित आईआईएम में **स्टार्टअप कॉन्क्लेव** का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर के स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मौके पर भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के जनरल मेनेजर अरिजीत सेन ने एमएसएमई को वित्तीय सहायता और स्टार्टअप इंडिया पहल पर प्रकाश डाला।

******************

जमशेदपुर स्थित सीएसआईआर–एनएमएल द्वारा ICMCS-2025 राष्ट्रीय सम्मेलन का कोलकाता में आयोजन हुआ। इस सम्मेलन में कोयला, खनिज संसाधनों के सतत उपयोग और आयात प्रतिस्थापन पर चर्चा हुई।

******************

आकाशवाणी राँची केंद्र से आज 6 अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। इनमे आनंद प्रकाश सिंह, उप निदेशक, पंकज मित्रा, कार्यक्रम अधिशाषी, कुमार विनोद, वरीय उदघोषक, राजीव कुमार झा, सहायक अभियंता, विनोद कुमार श्रीवास्तव, अभियंत्रण सहायक और कीनू लिंडा, एम टी एस शामिल है । इन सभी लोगों को आकाशवाणी परिवार द्वारा समृति चिन्ह देकर स्वस्थ्य जीवन की दूसरी पारी और लंबी आयु की शुभकामनाएं दी गयी।

******************

हॉकी इंडिया लीग के सेमीफाइनल में राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का रोमांचक मुकाबला तमिलनाडु ड्रैगन्स से जारी है। जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला इसी मैदान पर रात सवा आठ बजे हैदराबाद तूफान्स से होगा।

**************